


# सप्तदश बिहार विधान सभा

## त्रयोदश सत्र

## दैनिक विवरणिका

संख्या–01 सोमवार, दिनांक–25 नवम्बर, 2024 ई०।

**माननीय अध्यक्ष, श्री नन्द किशोर यादव की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही राष्ट्रगान के साथ प्रारंभ हुई।**

**समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 11.22 बजे पूर्वाह्न तक**

**[1] अध्यक्ष द्वारा प्रारम्भिक सम्बोधन :–**

यथा संलग्न।

**[2] शपथ/प्रतिज्ञान :–**

आसन की अनुमति से सभा सचिव द्वारा महामहिम राज्यपाल के निम्न संदेश को पढ़ा गया:–

"भारत के संविधान के अनुच्छेद 188 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, मैं, राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर, बिहार का राज्यपाल, इसके द्वारा बिहार विधान सभा के अध्यक्ष, श्री नन्द किशोर यादव को वह व्यक्ति नियुक्त करता हूँ, जिसके समक्ष, बिहार विधान सभा उप–निर्वाचन, 2024 में बिहार विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र संख्या–196–तरारी, 203–रामगढ़, 227–इमामगंज (अ०जा०) एवं 232–बेलागंज से निर्वाचित सदस्यगण, अपना स्थान ग्रहण करने के पूर्व शपथ लेंगे या प्रतिज्ञान करेंगे।" .

आसन द्वारा सूचित किया गया कि बिहार विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र संख्या–196 (तरारी) से निर्वाचित सदस्य, श्री विशाल प्रशांत द्वारा कल दिनांक 26.11.2024 को शपथ लेने की सूचना दी गयी है।

तदुपरान्त आसन की अनुमति से बिहार विधान सभा उपनिर्वाचन, 2024 में बिहार विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र संख्या–203 (रामगढ़) से निर्वाचित सदस्य, श्री अशोक कुमार सिंह, निर्वाचन क्षेत्र संख्या–227 (इमामगंज (अ०जा०)) से निर्वाचित सदस्य, श्रीमती दीपा कुमारी एवं निर्वाचन क्षेत्र संख्या–232 (बेलागंज) से निर्वाचित सदस्य, श्रीमती मनोरमा देवी द्वारा शपथ लिया गया।

**[3] अध्यासी सदस्यों का मनोनयन :–**

माननीय अध्यक्ष महोदय ने सप्तदश बिहार विधान सभा के त्रयोदश सत्र के लिए निम्नांकित 5 (पाँच) सभा सदस्यों को अध्यासी सदस्य मनोनीत किया है:–

(i) श्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह

(ii) श्री दामोदर रावत

(iii) श्री विजय शंकर दूबे

(iv) श्री भूदेव चौधरी

(v) श्रीमती ज्योति देवी

**[4] कार्यमंत्रणा समिति का गठन :–**

माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा सप्तदश बिहार विधान सभा के त्रयोदश सत्र के लिए निम्न प्रकार से कार्यमंत्रणा समिति का गठन किया गया:–

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | अध्यक्ष, बिहार विधान सभा | – | सभापति |
| (ii) | श्री नीतीश कुमार, मुख्यमंत्री | – | सदस्य |
| (iii) | श्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री | – | सदस्य |
| (iv) | श्री विजय कुमार सिन्हा, उप मुख्यमंत्री | – | सदस्य |
| (v) | श्री विजय कुमार चौधरी, मंत्री, संसदीय कार्य विभाग | – | सदस्य |
| (vi) | श्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव, मंत्री, ऊर्जा विभाग | – | सदस्य |
| (vii) | श्री तेजस्वी प्रसाद यादव, नेता विरोधी दल | – | सदस्य |
| viii) | श्री शकील अहमद खाँ, स०वि०स० | – | सदस्य |

**विशेष आमंत्रित सदस्य**

(i) श्री नरेन्द्र नारायण यादव, उपाध्यक्ष, बिहार विधान सभा

(ii) श्री आलोक कुमार मेहता, स०वि०स०

(iii) श्री महबूब आलम, स०वि०स०

(iv) श्री राम रतन सिंह, स०वि०स०

(v) श्री अजय कुमार, स०वि०स०

(vi) श्रीमती ज्योति देवी, स०वि०स०

नियमानुसार अध्यक्ष, इस समिति के सभापति तथा सभा सचिव इसके सचिव होंगे।

**[5] औपचारिक कार्य:–**

1. माननीय उप मुख्यमंत्री–सह–मंत्री, वाणिज्य–कर विभाग, श्री सम्राट चौधरी द्वारा राज्यपाल द्वारा प्रख्यापित '**बिहार माल और सेवा कर (द्वितीय संशोधन)** अध्यादेश, **2024**' की एक प्रति को सभा मेज पर रखा गया।

**[6] अनुमत विधेयकों के विवरण का सभा पटल पर रखा जाना:–**

सभा सचिव द्वारा सप्तदश बिहार विधान सभा के द्वादश सत्र में उद्भूत तथा बिहार विधान मंडल के दोनों सदनों द्वारा यथापारित निम्न 07 (सात) विधेयकों का विवरण सभा पटल पर रखा गया, जिसे महामहिम राज्यपाल द्वारा भारत के संविधान के अनुच्छेद 200 के तहत अनुमति प्रदान की गयी :–

| क्रमांक | विधेयक का नाम | अनुमति की तिथि |
|---|---|---|
| (i) | बिहार विनियोग (संख्या–3) विधेयक, 2024 | 05.08.2024 |
| (ii) | बिहार लिफ्ट एवं एस्केलेटर विधेयक, 2024 | 05.08.2024 |
| (iii) | बिहार माल और सेवा कर (संशोधन) विधेयक, 2024 | 05.08.2024 |
| (iv) | बिहार लोक परीक्षा (अनुचित साधन निवारण) विधेयक, 2024 | 05.08.2024 |
| (v) | बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग (संशोधन) विधेयक, 2024 | 05.08.2024 |
| (vi) | बिहार विद्यालय परीक्षा समिति (संशोधन) विधेयक, 2024 | 05.08.2024 |
| (vii) | बिहार नगरपालिका (संशोधन) विधेयक, 2024 | 06.08.2024 |

**[7] वित्तीय कार्य :–**

माननीय उप मुख्यमंत्री–सह–मंत्री, वित्त विभाग, श्री सम्राट चौधरी द्वारा वित्तीय वर्ष 2024–25 के द्वितीय अनुपूरक व्यय विवरणी का उपस्थापन सभा मेज पर किया गया।

**[8] <u>शोक प्रकाश</u> :–**

माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा निम्नांकित जननायकों के निधन पर दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोकाकुल परिवार को दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की गई:–

(i) स्व० खालिद अनवर अंसारी, पूर्व मंत्री, बिहार सरकार, पूर्व स०वि०स० एवं पूर्व स०वि०प०

(ii) स्व० ब्रज किशोर सिंह, पूर्व मंत्री, बिहार सरकार, पूर्व स०वि०स० एवं पूर्व स०वि०प०

(iii) स्व० जय प्रकाश मिश्र, पूर्व स०वि०स०

(iv) स्व० राजेन्द्र प्रसाद यादव, पूर्व मंत्री, बिहार सरकार एवं पूर्व स०वि०स०

(v) स्व० श्रीनारायण यादव, पूर्व मंत्री, बिहार सरकार एवं पूर्व स०वि०स०

(vi) स्व० सधनु भगत, पूर्व स०वि०स०

(vii) स्व० मुंशी चौधरी, पूर्व स०वि०स०

(viii) स्व० छत्रुराम महतो, पूर्व मंत्री, बिहार सरकार एवं पूर्व स०वि०स०

तदुपरांत सभी माननीय सदस्यों द्वारा एक मिनट मौन खड़े होकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई।

माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा कहा गया कि मेरे एवं संपूर्ण सदन की ओर से शोक संतप्त परिवार के पास शोक संदेश भेज दिये जायेंगे ।

तत्पश्चात् सभा की बैठक मंगलवार, दिनांक 26 नवम्बर, 2024 को 11.00 बजे पूर्वा० तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना

दिनांक–25.11.2024

**ख्याति सिंह**
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना।